प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 06 | बुधवार 24 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# चौधरी चरण सिंह की जयंती 'किसान सम्मान दिवस' के रूप में मनाई जाएगी

## CM योगी बोले- धरतीपुत्रों के हितों की रक्षा करना सभी का धर्म

**सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों और उनके परिवारों की उपस्थिति कृषि क्षेत्र में बढ़ते आत्मविश्वास और समृद्धि को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आज हमने उन किसानों को ट्रैक्टर वितरित किए हैं जो अपने परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में आए थे। आज आप सभी हमारे अन्नदाता किसानों की कड़ी मेहनत के कारण राज्य की प्रगति के साक्षी हैं।**

(एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर, जिसे किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है, ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और किसानों को वितरित किया। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा किसान कल्याण और कृषि विकास पर दिए जा रहे विशेष ध्यान को दर्शाया गया, और मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की समग्र प्रगति का श्रेय किसानों को दिया। सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों और उनके परिवारों की उपस्थिति कृषि क्षेत्र में बढ़ते आत्मविश्वास और समृद्धि को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आज हमने उन किसानों को ट्रैक्टर वितरित किए हैं जो अपने परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में आए थे। आज आप सभी हमारे अन्नदाता किसानों की कड़ी मेहनत के कारण राज्य की प्रगति के




साक्षी हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में किसानों के योगदान की सराहना की और कहा कि पिछले एक दशक से शासन में कृषि को प्राथमिकता दी गई है। योगी ने कहा कि राज्य में हमारे किसानों ने जो प्रगति की है, वह हम देख सकते हैं। किसानों को भी सरकार के एजेंडे में शामिल किया जा सकता है; यह 2014 के बाद ही संभव हो पाया है। उन्होंने उस अवधि के बाद लागू किए गए नीतिगत परिवर्तनों पर जोर दिया। उन्होंने कृषि उत्पादकता में सुधार लाने में वैज्ञानिक हस्तक्षेपों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना पर। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मृदा स्वास्थ्य कार्ड की मदद से कई किसान अपनी भूमि के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुए। पहले बहुत कम किसानों के पास मृदा स्वास्थ्य कार्ड होता था। योगी आदित्यनाथ के अनुसार, मृदा गुणवत्ता संबंधी जानकारी तक पहुंच ने किसानों को फसल चयन, उर्वरक उपयोग और समग्र कृषि प्रबंधन पर सूचित निर्णय लेने में मदद की है, जिससे पैदावार में सुधार हुआ है और लागत में कमी आई है। वचौधरी चरण सिंह, जिन्हें व्यापक रूप से किसानों के अधिकारों का रक्षक माना जाता है, की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य सरकार ने मशीनीकरण, प्रौद्योगिकी और लक्षित कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## पीएम मोदी से मिले जैवलिन स्टार नीरज चोपड़ा और पत्नी हिमानी, खेल सहित कई मुद्दों पर हुई बात

(एजेंसी) नयी दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनके आवास पर हुई इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में फोटो साझा करते हुए



यह जानकारी दी। पीएम मोदी ने कहा , आज सुबह 7 लोक कल्याण मार्ग पर नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात हुई। हमने खेलों के साथ–साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के शुरू में मोदी ने फिटनेस को बढावा देने के नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की थी। फिट इंडिया योजना के महत्व पर नीरज चोपड़ा के लेख पर प्रतिक्रिया करते हुए श्री मोदी ने कहा था कि यह दूरदर्शी और प्रेरक लेख मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की जरूरत पर बल देता है।

## यूपी गैंगस्टर विकास दुबे पर बनी वेब सीरीज को नोटिस जारी

### दिल्ली हाईकोर्ट ने 'यूपी 77' की रिलीज रोकने की याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

(एजेंसी) नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कथित तौर पर गैंगस्टर विकास दुबे के जीवन पर आधारित वेब सीरीज 'यूपी 77' को रिलीज किए जाने से रोकने की याचिका पर केंद्र सरकार और वेब सीरीज निर्माताओं से जवाब मांगा। यह याचिका मुठभेड़ में मारे गए दुबे की पत्नी ने दायर की है। वेब सीरीज 25 दिसंबर को ओटीटी मंच 'वेव्स' पर रिलीज होने वाली है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने याचिका पर नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की। दुबे 2020 में उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया था। राज्य पुलिस के अनुसार, कानपुर में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के मुख्य आरोपी दुबे ने मध्यप्रदेश के उज्जैन में आत्मसमर्पण कर दिया था और उसे उज्जैन से कानपुर लाया जा रहा था, तभी उसे ले जा रहा वाहन पलट गया और दुबे ने कथित तौर पर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान वह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। दुबे की पत्नी ने उच्च न्यायालय से फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की अपील की। ध्द्धालांकि, अदालत ने कहा कि वह बुधवार को दोनों पक्षों की बात सुनेगी और फैसला लेगी।

# भारत में खत्म हो रहा लोकतंत्र

## यह एक वैश्विक मुद्दा है जिस पर यूरोप को और अमेरिका सबको चिंता करनी चाहिए : उदित राज

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता उदित राज ने अपने बयान में कहा है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो रहा है और यह एक वैश्विक मुद्दा है, जिस पर यूरोप के देशों और अमेरिका समेत सभी को चिंता करनी चाहिए। इसी बीच, उदित राज लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान का बचाव करते नजर आए। उदित राज ने राहुल गांधी की ओर से लगाए गए वोट चोरी के आरोपों को सही ठहराया। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा, बात उठाने का आज समय आ गया है। क्या जब डेमोक्रेसी खत्म हो जाएगी, तब बात उठाई जाएगी?ष्इस दौरान कांग्रेस नेता ने कहा, भारत में लगभग 150 करोड़ लोग हैं। अगर यह लोकतंत्र से वंचित होंगे तो पूरा विश्व प्रभावित होगा। इसलिए यह वैश्विक मुद्दा है। यूरोप को और अमेरिका सबको चिंता करनी चाहिए कि भारत में डेमोक्रेसी खत्म हो रही है, क्योंकि पूरा संसार अब एक हो गया है। पहले कम्युनिकेशन और आने–जाने के लिए ट्रांसपोर्टेशन नहीं थे। एक द्वीप दूसरे द्वीप से कटे रहते थे, लेकिन अब स्थिति बदल



चुकी है।ष उन्होंने यह भी कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था दूसरों पर निर्भर है। अगर चीन से मटेरियल नहीं आए या आयात नहीं हो, तो हालत और खराब हो जाएगी। उदित राज ने राहुल गांधी को इंटरनेशनल लीडर करार दिया। उन्होंने कहा, षराहुल गांधी सिर्फ नेशनल लीडर नहीं, बल्कि इंटरनेशनल लीडर बन गए हैं। उनके पास विजन है। उन्होंने विदेश से पढ़ाई की है। देश के लोगों से उनका जितना जुड़ाव या बातचीत हुई है, उतनी किसी और ने नहीं की। ऐसे में वह सभी अनुभवों से युक्त हैं। राहुल गांधी फैक्ट्स के आधार पर बात करते हैं। उन्होंने कृषि कानूनों के बारे में बात की और बाद में सरकार को कानून वापस लेने पड़े। बर्लिन में दिए राहुल गांधी के बयान का बचाव करते हुए उदित राज ने कहा, लोकहित और संविधान बचाने के लिए अच्छी बात कहीं भी कही जा सकती है। वैसे भी आज के समय में कोई बात छिपाई नहीं जा सकती है। लोकतंत्र बचाने के लिए जो भी प्रयास किए जाने चाहिए, वह सब न्यायहित में हैं।

## राहुल गांधी के बयानों पर भाजपा का पलटवार, कहा- उनकी पार्टी के लोग और गठबंधन के साथी कर रहे हैं किनारा

(एजेंसी) नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्ष के नेता विपक्ष राहुल गांधी के जर्मनी में दिये बयानों को लेकर उन पर हमला करते हुये कहा है कि उनके गलत



बयानबाजियों से अब उनकी पार्टी के लोग और उनके साथी दलों के नेता उनसे किनारा करने लगे हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री गांधी ने बर्लिन (जर्मनी) में भारत की संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बयान दिये हैं जिसके बाद उनके साथ के कुछ लोग उनसे किनारा करने की फिराक में हैं। भाजपा प्रवक्ता ने हरियाणा में एक महिला के 200 बार वोट डालने और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत के चीन से पिछड़ने वाले बयान पर भी उन्हें घेरा। उन्होंने कहा कि देश का जनमत राहुल गांधी के साथ पहले से नहीं था जिसके चलते अबतक वह 95 चुनाव हार चुके हैं। उन्होंने कहा कि श्री गांधी अनाप शनाप बयान देते रहते हैं और इससे कांग्रेस में असहमति की तरफ इशारा करते हुये कहा कि अब उनके साथ के लोग श्री गांधी की बातों को खारिज करने में लगे हुए हैं। उन्होंने इसी प्रसंग में श्री गांधी के बिहार में वोट चोरी, वोट चोरी के राग अलापने और उसके विपरीत कांग्रेस के सांसद शशि थरूर के उस बयान का उल्लेख किया जिसमें श्री थरूर ने कहा है कि बिहार में पिछले 20 वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। पूनावाला ने कहा , इसका मतलब यह है कि उन्होंने राहुल गांधी के वोट चोरी के खटराग को, उनके हाइड्रोजन बम को पूरी तरह से डिफ्यूज (फुस्स) कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि श्री गांधी के एक और साथी, वामदल के सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा है कि राहुल गांधी को संसद छोड़कर विदेश नहीं जाना चाहिए था। इतना ही नहीं, उन्होंने (ब्रिटास ने) तो और बड़ी बात कही कि केवल वाम दल ही नहीं, बल्कि डीएमके ने भी श्री गांधी की इस भारत बदनामी यात्रा के खिलाफ थी। उन्होंने कहा कि श्री गांधी अपने काम को संजीदगी से नहीं लेते।

## सीएसआईआर-यूजीसी नीट परीक्षा उत्तीर्ण कराने का झांसा देकर लाखों ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 37 अभ्यर्थियों को भी पकड़ा

(एजेंसी) सोनीपत। सीएसआईआर– यूजीसी नीट परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से लाखों रुपये वसूलने वाले गिरोह का हरियाणा सीएम फ्लाइंग रोहतक की टीम ने भंडाफोड़ किया है। हरियाणा में गोहाना के गांव चिड़ाना में नरवाल कबड्डी अकादमी में पेपर हल कराते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया। कर्मवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हरियाणा के विभिन्न शहरों के 37 अभ्यर्थियों को 17 दिसंबर को पानीपत के इसराना में एनसी कॉलेज के पास बुलाया गया। इसके बाद गिरोह के सदस्य उनको टेंपो ट्रैवलर से गांव चिड़ाना गांव में बंद हो चुके रायत बाहरा इंस्टीट्यूट में लाया गया, जहां पर फिलहाल कबड्डी



अकादमी चलाई जा रही थी। पहले से निगरानी कर रही सीएम फ्लाइंग रोहतक की टीम भी पीछे–पीछे वहां पहुंची।अभ्यर्थियों को झांसा दिया गया कि 18 दिसंबर को होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा का प्रश्नपत्र पहले ही उपलब्ध करा दिया जाएगा। गिरोह के सदस्यों के पास मोबाइल पर प्रश्नपत्र भेजे गए, जिनकी प्रिंटर से फोटो प्रतियां निकालकर अभ्यर्थियों को दी गई। इनमें 16 अभ्यर्थियों को केमिस्ट्री और 21 को लाइफ साइंस विषय के ए और बी सेट के प्रश्नपत्र दिए गए। उन्हें कहा गया था कि 18 दिसंबर को परीक्षा में यही पेपर आएगा। उनके आधार पर अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए अभ्यास शुरू कर दिया था।इसी दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम ने सदर थाना गोहाना की पुलिस को साथ लेकर छापा मारा। यहां प्रश्नपत्र, एक लैपटाप, प्रिंटर व मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से रोहतक में गांव करौंथा के नीरज व सचिन को गिरफ्तार किया। नीरज दिल्ली में स्वास्थ्य विभाग और सचिन सेना में नौकरी करता है। जांच में सामने आया कि नीरज के भाई धीरज ने उसके मोबाइल पर प्रश्नपत्र भेजा था। उनके साथी पवन भारद्वाज व गांव मुंडलाना का आशीष ने अभ्यर्थियों को अकादमी भिजवाया था।पुलिस ने इस मामले को पांच दिन तक पूरी तरह से गोपनीय रखा। केस दर्ज करके पुलिस ने सचिन व नीरज को रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि पूरी होने पर सोमवार को दोबारा न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उनको न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोपहर में एसीपी राहुल देव ने प्रेसवार्ता कर पेपर लीक से इन्कार करते हुए एसआइटी गठन की जानकारी दी। एसीपी गोहाना राहुल देव ने कहा कि सीएसआइआर यूजीसी नेट की परीक्षा पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। उन्हें नकली प्रश्नपत्र तैयार करके दिए गए। ये वास्तविक प्रश्नपत्र से मेल नहीं खाते हैं। अब एसआइटी आगे की जांच करते हुए अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

हाल से 37 अभ्यर्थियों को भी पकड़ा गया। हालांकि, पूछताछ के बाद अभ्यर्थियों को छोड़ दिया गया। गिरोह द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी से चार लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। मामले में एसीपी अजीत की अध्यक्षता में एसआइटी का गठन किया गया। पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि वास्तविक परीक्षा में आया प्रश्नपत्र और अभ्यर्थियों को दी गई फोटो प्रतियां अलग–अलग थीं। पुलिस के अनुसार गिरोह ने फर्जी प्रश्नपत्रों के सहारे अभ्यर्थियों को ठगने की साजिश रची थी।सीएम फ्लाइंग रोहतक की टीम के एसआइ

# यूपी विधानसभा ने किसान नेता चरण सिंह को उनकी जयंती पर किया याद, अर्पित की श्रद्धांजलि

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन संपूर्ण सदन ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर याद किया और उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किया।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा में शून्यकाल में चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह की आज जयंती है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री, कृषि व राजस्व मंत्री के रूप में किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह की सरकार में उनके जन्मदिन को किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के सपूत चौधरी चरण सिंह को भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' वर्ष 2024 में दिया। उन्होंने



कहा, "योगी सरकार ने उनकी स्मृतियों को चिरकाल तक स्मरणीय बनाये रखने के लिए 23 दिसंबर 2025 को भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क को शुरू किया है, जिससे राज्य के अन्नदाता किसान को उत्कृष्ट बीज सुलभ हो सके और किसान बीज दाता किसान बनकर चौधरी साहब के सपनों को साकार कर सकें।" शाही ने कहा, "वर्तमान में सत्र चल रहा है इसलिए चरण सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए अपना वक्तव्य दे रहा हूं।" उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने पटवारी और जमींदारी प्रथा समाप्त करके किसानों को अपने खेत का मालिक बनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि व्यापारी और बिचौलियों द्वारा किसानों का शोषण बंद करने के लिए मंडी की स्थापना के लिए उनको सदैव याद किया जाएगा। शाही ने कहा, "उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सरल और सादगी के प्रतीक चरण सिंह ने हर वर्ग के हित में काम किया। सामाजिक सुधारों के लिए देश सदैव उनका कृतज्ञ रहेगा।" उन्होंने चरण सिंह को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा, " आज चौधरी साहब का जन्मदिन है और मुझे उनके निकट रहने का अवसर मिला है।" उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में किसानों की बात करने सबसे पहले चौधरी चरण सिंह आगे आये और काफी संघर्ष किया। पांडेय ने कहा कि जब वे उत्तर प्रदेश के राजस्व मंत्री थे तो उन्होंने जमींदारी उन्मूलन किया और छोटे किसानों को उनकी भूमि पर स्वामित्व दिया। उन्होंने कहा कि जब पूरे देश में नक्सली आंदोलन चल रहा था, तब उत्तर प्रदेश में चौधरी चरण सिंह की नीतियों के कारण शांति व्यवस्था थी।

## दर्दनाक हादसा: होटल के कमरे में अंगीठी जलाकर सोए 5 लोगों की मौत

(एजेंसी) कुरुक्षेत्र। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक होटल के कमरे में कथित तौर पर कोयले की अंगीठी से निकले धुएं के कारण कमरे में सो रहे उत्तर प्रदेश के चार मजदूरों और एक ठेकेदार की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पांच लोगों को सुबह एक बंद कमरे में मृत पाया गया। पुलिस को संदेह है कि कमरे के अंदर जल रही अंगीठी से निकले धुएं के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। कुरुक्षेत्र के थाना प्रभारी दिनेश राणा के अनुसार मारे गए लोग सहारनपुर से थे और जिला जेल के पास स्थित एक होटल में पेंटिंग का काम करने के लिए कुरुक्षेत्र आए थे। मंगलवार सुबह देर तक कमरा बंद रहने पर होटल के कर्मचारियों ने उन्हें जगाने की कोशिश की, कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर मामले की सूचना होटल प्रबंधक और पुलिस को दी गई। कमरा खोलने पर सभी पांचों व्यक्ति बेहोश पाए गए और बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राणा ने बताया कि बंद कमरे के अंदर कोयले की अंगीठी मिली है और प्रारंभिक आकलन से जहरीली गैस में सांस लेने से मौत की आशंका जताई जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पादकीय


## शीतकालीन सत्र में मिले कुछ शुभ संकेत

लोकसभा और राज्यसभा से पास हो चुके वीबी जीरामजी बिल यानी विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार व आजीविका मिशन (ग्रामीण) के मुद्दे को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के शीतकालीन सत्र का आखिरी दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इसके बावजूद सत्र के बाद लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति की रवायती चाय कार्यक्रम में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की दूरियां खत्म होती नजर आई। सत्र के समापन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कमरे में पीएम मोदी और प्रियंका गांधी समेत सभी दलों के प्रमुख नेता एकत्र हुए। वहीं, राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन की चाय के लिए जेपी नड्डा, खरगे, सोनिया गांधी आदि नेता पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि सदन के अंदर की तल्खी के उलट नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में हल्की–फुलकी बातचीत हुई। संसद के शीतकालीन सत्र की खास बात सरकार और विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर सहमति बनना और कड़वाहट दूर होना रही। ऐसे कई अवसर आए, जब गतिरोध को आपसी बातचीत और सहमति से सुलझाया गया. यही कारण है कि इस सत्र में न केवल कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए बल्कि ज्वलंत मुद्दों पर खुले मन से चर्चा भी हुई। यह सत्र छोटा था, केवल तीन सप्ताह का। सत्र आरंभ होने से पहले ही एनडीए बिहार की प्रचंड विजय के बाद आत्मविश्वास से भरपूर था। ऐसा लग रहा था कि बिहार में महागठबंधन की करारी हार के बाद मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राहुल गांधी के 'वोट चोरी' अभियान की हवा निकल चुकी है लिहाज़ा विपक्ष इस मुद्दे पर नरम रहेगा। पिछला मॉनसून सत्र इसी मुद्दे पर धुल गया था। दूसरी ओर सरकार ने भी अपने तेवरों में नरमी के संकेत दिए थे। सरकार कहती आ रही है कि एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह चुनाव आयोग का प्रशासनिक कदम है। इसी कारण पिछले सत्र में गतिरोध बना था। लेकिन इस बार सत्र शुरू होने से पहले ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि चुनाव सुधार पर चर्चा हो सकती है जिसमें विपक्ष एसआईआर का मुद्दा भी ला सकता है। गतिरोध सुलझाने की यह एक बड़ी पहल थी। हालांकि सत्र शुरू होने पर शुरुआती कुछ दिनों तक गतिरोध बना रहा, लेकिन स्पीकर ओम बिरला की पहल से हुई सर्वदलीय बैठक में गतिरोध सुलझा और एसआईआर के बजाए चुनाव सुधार पर चर्चा कराने का निर्णय हुआ। सरकार कह चुकी थी कि इससे पहले वंदे मातरम के 150 वर्ष पर चर्चा होगी, जिसके लिए विपक्ष भी तैयार हो गया। जब एक वरिष्ठ मंत्री से पूछा गया कि बिहार की जीत के बावजूद सरकार क्यों तैयार हो गई और यही चर्चा मॉनसून सत्र में क्यों नहीं कराई गई तो उनका कहना था कि लोकतंत्र में विपक्ष को भी स्पेस मिलना चाहिए। इसी भावना के तहत यह फैसला किया गया। वैसे यह भी कहा गया कि संसदीय कार्य मंत्री की पेशकश के कारण ही चर्चा के लिए सहमति बन सकी। इस सत्र की शुरुआत से पहले ही सरकार ने चंडीगढ़ यूटी पर बिल को लेकर स्पष्टीकरण दे दिया था। सूचीबद्ध होने के बावजूद सरकार ने इसे न लाने का फैसला किया था क्योंकि इसे लेकर विपक्ष आक्रामक था और खुद पंजाब भाजपा के मन में इसे लेकर सवाल थे। इसी तरह संचार साथी ऐप को लेकर भी सरकार ने कदम पीछे खींचे थे। इसका अर्थ यही था कि खुद सरकार भी टकराव के बजाए चर्चा और सहमति के रास्ते पर चलना चाह रही थी। यही मंशा पीएम मोदी ने सत्र की शुरुआत से पहले जाहिर की थी और कहा था कि संसद में ड्रामा नहीं होना चाहिए और नए सांसदों को मौका मिलना चाहिए। यही कारण है कि संसद में पहले वंदे मातरम और उसके बाद चुनाव सुधार पर लंबी चर्चा हुई। वंदे मातरम् पर चर्चा की शुरुआत पीएम मोदी ने की और इसमें कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी वाड्रा प्रभावी ढंग से बोलीं। वहीं चुनाव सुधार पर राहुल गांधी के एसआईआर और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर उठाए गए सवालों का गृह मंत्री अमित शाह ने दमदार ढंग से जवाब दिया। यही नहीं, एटमी ऊर्जा और विकसित भारत जी राम जी बिलों पर भी दोनों सदनों में सार्थक बहस हुई। जी राम जी बिल दोनों ही सदनों में आधी रात के बाद पारित हुआ। यह जरूर है कि जी राम जी बिल पर विपक्ष को सरकार के खिलाफ संसद के बाहर सड़क पर भी मोर्चा खोलने का अवसर दिख रहा है। इसीलिए विपक्ष इसे लेकर संसद में बेहद आक्रामक रहा। लोक सभा में बिल के कागज फाड़कर फेंके गए, जिसे लेकर स्पीकर ने क्षोभ व्यक्त किया। विपक्ष की मांग थी कि इसे संसदीय समिति के पास भेजा जाए। लेकिन सरकार इसे 1 अप्रैल से लागू करना चाहती है लिहाजा इसे पारित कराया गया। वैसे जी राम जी पर सदन में दिखा तनाव और कड़वाहट स्पीकर ओम बिरला के कक्ष में सत्र के समापन के बाद हुई चाय पार्टी में मिठास में बदलती नजर आई। विपक्ष 2014 के बाद से ही इन चाय पार्टियों का बहिष्कार करता आया है। लेकिन इस बार राहुल गांधी की गैरमौजूदगी में प्रियंका ने कमान संभाली। वह न केवल चाय पार्टी में अन्य विपक्षी नेताओं के साथ आईं बल्कि हल्के–फुल्के अंदाज में पीएम मोदी से हंसी–ठिठोली भी की, चाहे तमिल में कांग्रेस को वोट देना का नारा हो या वायनाड की हल्दी। पीएम के विदेश दौरे के बारे में भी पूछा और पीएम ने नारेबाजी के बाद विपक्षी सांसदों के गले की हालत पर चिंता जताई। ऐसे दृश्य 18वीं लोक सभा में पहली बार दिखे, जब सदन में सार्थक चर्चा और सदन के बाहर पक्ष–विपक्ष में एकदूसरे का सम्मान और आदर नजर आया. इससे पहले परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के संसदीय कक्ष में प्रियंका की मुलाकात की भी खूब चर्चा हुई, जिसमें गडकरी ने उन्हें यूट्यूब देखकर बनाई गई चावल की खास डिश खिलाई थी।



नफीस जाफरी

## ढ़ाका की हिंसा पर शशि थरूर की सलाह के हैं मायने



गुलफिशा खान

बांग्लादेश में एक बार भी बवाल बढ़ता दिख रहा है। बीते गुरुवार देर रात से ही ढाका से लेकर दूसरे शहरों में प्रदर्शनकारी सड़कों पर दिखे और इस प्रदर्शन के दौरान बड़े स्तर पर सरकारी संपत्तियों को भी आग के हवाले किया है। ढाका की सड़कों पर प्रदर्शनकारी लाखों की संख्या में उतर चुके हैं। प्रदर्शनकारी अपने युवा नेता उस्मान हादी की मौत से गुस्से में हैं। बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। पहले उस व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या की गई और फिर उसके शव को पेड़ पर लटकाकर उसे आग के हवाले कर दिया गया। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हिंदू व्यक्ति की हत्या की निंदा की है और शांति की अपील करते हुए बयान जारी किया है। बांग्लादेश सरकार की तरफ से कहा गया कि सरकार मैमनसिंह में एक हिंदू व्यक्ति की पीट–पीट कर हत्या की भी कड़ी निंदा करती है। कहा गया है कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। इस बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के एक बयान को कोट करते हुए शांति का रास्ता सुझाया है। शशि थरूर ने बांग्लादेश हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शन आम बांग्लादेशियों की सहायता करने की भारत की क्षमता को सीमित कर रहे हैं। यह निराशाजनक है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बयान को कोट करते हुए शशि थरूर ने कहा– जैसा कि वाजपेयी साहब ने पाकिस्तान के बारे में कहा था, हम अपनी भौगोलिक स्थिति नहीं बदल सकते। हम जहां हैं, वे जहां हैं। उन्हें हमारे साथ काम करना सीखना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जल्द स्थितियां सामान्य होंगी। मैं बांग्लादेश की जनता और सरकार से अपने पड़ोसी के साथ इस घनिष्ठ





संबंध को अधिक महत्व देने का आह्वान करता हूं। कांग्रेस सांसद ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नई दिल्ली घटनाक्रम पर कड़ी नज़र रखेगी। उन्होंने कहा, सरकार को स्थिति पर बहुत सावधानीपूर्वक नज़र रखनी होगी। उन्होंने आगे कहा कि ढाका में भारतीय अधिकारी बांग्लादेशी अधिकारियों से सीधे संपर्क करेंगे। वे निश्चित रूप से ढाका स्थित उच्चायोग के स्तर पर ढाका सरकार और अधिकारियों से संपर्क करेंगे और उनसे अनुरोध करेंगे कि वे स्थिति को शांत करने के लिए हर संभव प्रयास करें। विदेश मामलों की संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बांग्लादेश के हालात पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में इस तरह का मॉब रूल नहीं होना चाहिए। जिस तरह से वहां स्थिति चल रही है, वह बहुत चिंताजनक है। ऐसी स्थिति दोनों ही देशों के लिए अच्छी नहीं है। हम चाहते हैं कि वहां पर शांति कायम रहे। थरूर ने आगे कहा कि विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने भी कहा है कि हम बांग्लादेश के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं और वहां शांति बनी रहनी चाहिए। वहां फरवरी में चुनाव भी होने जा रहे हैं। हम चाहते हैं कि वहां लोकतंत्र वापस आए, लेकिन वहां जो कुछ चल रहा है, वह ठीक नहीं है। हम वहां की सरकार से कहना चाहते हैं कि इस तरह की चीजें नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस नेता थरूर ने बांग्लादेश में हमले और प्रदर्शनों को देखते हुए दो भारतीय वीजा केंद्रों के बंद किए जाने पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के लोग चाहते हैं कि भारत आने के लिए वीजा ज्यादा मिलें। पिछले साल वीजा कम किए जाने की शिकायतें मिली थीं। लेकिन अब तो वीजा को नॉर्मल किया जा था। इस सबके बीच हालिया घटना की वजह से बांग्लादेश में 2 वीजा केंद्रों को बंद करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हालात दोनों देशों के लिए अच्छे नहीं हैं। हम चाहते हैं कि वहां शांति समाधान आ जाए। बता दें कि बांग्लादेश में बिगड़े हालात के बीच सुरक्षा को देखते हुए भारत ने राजशाही और खुलना स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इससे पहले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने ढाका में भारतीय उच्चायोग की तरफ मार्च किया था। उच्चायोग को धमकियां दी गई थीं। कई नेताओं ने भड़काऊ बयान भी दिए थे। इस पर भारत सरकार ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब करके विरोध भी दर्ज कराया है। उधर, कांग्रेस नेता शशि थरूर से जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक मुस्लिम महिला का हिजाब उतारने की कोशिश के वायरल वीडियो पर सवाल किया गया तो उनका कहना था कि सभी महिलाओं का सम्मान किया जाना चाहिए, चाहे वो मुस्लिम हों या हिंदू। इस मामले को लेकर सिर्फ यही कहा जा सकता है कि यह घटना सही नहीं थी।

## सवाल बड़ा-गिल का पत्ता साफ़ तो सूर्या क्यों टीम में?



फरीद वारसी

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप और अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष अजित अगरकर, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने मुंबई में बीसीसीआई हेड क्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम का ऐलान किया। टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के पास है, जबकि अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। शुभमन गिल के उपकप्तान बनने से पहले अक्षर पटेल की सूर्या के डिप्टी थे। वहीं शुभमन गिल खराब फॉर्म के चलते टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने माना कि गिल को रन कम बनाने की वजह से टीम से बाहर किया गया है। अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ज़ाहिर है कि वो (गिल) रन नहीं बना पाए हैं और उन्हें नहीं चुना गया है इसलिए हमें एक वाइस–कैप्टन की जरूरत थी। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अभी भी अपनी वापसी का इंतजार है। जबकि टीम संयोजन को ध्यान में रखते हुए जितेश को बाहर बैठना पड़ा है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि चुनी गई 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम से खराब फॉर्म में चल रहे वाइस–कैप्टन शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया है। इस फैसले को लेकर सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, शुभमन गिल को बाहर रखना हैरानी की बात है। क्लास एक्ट, क्वालिटी बैटर। मुझे पता है कि उसने कुछ मैचों में स्ट्रगल किया, लेकिन आखिर में क्लास हमेशा काम आती है। गावस्कर ने आगे कहा कि वह लंबे ब्रेक के बाद आ रहा था और रिदम में नहीं था। हमने प्ब्स में देखा है कि वह बहुत अच्छा है, इसलिए टच की कमी शायद उसके खिलाफ गई हो। मुझे उम्मीद है कि शुभमन इसे सही स्पिरिट में लेगा। मैं उसके लिए बेस्ट चाहता हूं उनकी कुछ चोटें अजीब रही हैं।

वहीं टीम में फॉर्म में चल रहे ईशान किशन की भी वापसी हुई है। ईशान को उनके घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। उनकी कप्तानी में झारखण्ड की टीम हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट की चैंपियन बनी है।

पांच नाम जिन्हें नहीं मिली वर्ल्ड कप टीम में जगह अगर उनकी बात की जाए तो:–

शुभमन गिल

शुभमन गिल टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में भारतीय टीम के कप्तान हैं। एशिया कप 2025 से पहले उन्हें टी20 फॉर्मेट का भी उपकप्तान बना दिया गया था। माना जा रहा था कि गिल को देर–सबेर टी20 फॉर्मेट की कप्तानी भी सौंप दी जाएगी, लेकिन गिल ने छोटे फॉर्मेट में अपने प्रदर्शन से लगातार निराश किया है। ऐसे में उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। वनडे और टेस्ट फॉर्मेट में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल टी20 फॉर्मेट में प्रभावहीन रहे। एक, दो या तीन नहीं, बल्कि गिल लगातार 15 मैचों में लॉप रहे हैं। पिछली 15 पारियों में गिल ने 24.25 की साधारण औसत से मात्र 291 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से एक भी अर्धशतक नहीं आया है।

जितेश शर्मा

जितेश शर्मा ने कुछ भी गलत नहीं किया है, लेकिन वह फिर भी टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। संजू के आने से टीम के पास विकेटकीपर है। ऐसे में जितेश की भूमिका सिर्फ फिनिशर की रह जाती है और इसके लिए रिंकू सिंह है। रिंकू के साथ साथ हार्दिक पांड्या भी है। वहीं अक्षर पटेल और सुंदर भी बल्लेबाजी करते हैं। ऐसे में टीम संयोजन को देखें तो जितेश को मौका नहीं मिली है।

यशस्वी जायसवाल

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अभी भी बाहर बैठना पड़ेगा। अभिषेक और संजू ने मिले मौकों पर खुद को साबित किया और इसने टी20 फॉर्मेट में जायसवाल के रास्ते बंद कर दिए। जायसवाल टेस्ट और वनडे में अच्छा कर रहे हैं लेकिन टी20 के लिए उन्हें अभी भी अपने मौके का इंतजार है। अजीत अगरकर ने जायसवाल को लेकर कहा, हम पूछ रहे हैं कि हर किसी की राय में सबसे अच्छी पोजीशन क्या है। क्या किसी के साथ समझौता किया जा रहा है? एक क्वालिटी खिलाड़ी टीम में आ रहा है। अब कोई जायसवाल के बारे में बात नहीं कर रहा है, जबकि वह पिछली वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे। उम्मीद है कि वर्ल्ड कप आने तक हम सब कुछ ठीक कर लेंगे।

मोहम्मद सिराज

टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में खुद को साबित कर चुके मोहम्मद सिराज की





टीम में जगह ही नहीं बन पा रही है। साथ ही उनका रिकॉर्ड भी इस फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए अच्छा नहीं है। अर्शदीप और बुमराह के कंधों पर तेज आक्रमण की जिम्मेदारी होगी। इसमें उन्हें शिवम दुबे और हार्दिक का साथ मिलेगा। टीम संयोजन के हिसाब से भी सिराज को बाहर रहना पड़ा है।

ऋषभ पंत

भारतीय चयनकर्ता मन बना चुके हैं कि वह ऋषभ पंत को सभी फॉर्मेट में नहीं आजमाएंगे। ऐसे में भी ऋषभ पंत को बाहर बैठना पड़ा है। टी20 टीम में विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन मौजूद है। जबकि पांचवें नंबर पर हार्दिक है। ऐसे में भी ऋषभ पंत की जगह नहीं बनती है। शुभमन गिल का 2025 में टी20 में औसत केवल 26.3 रहा है जबकि आईपीएल में 50, वनडे में 49 और टेस्ट में 70. 2 रहा है। टीम के चयनकर्ता मानते हैं कि उन्हें विकेटकीपर ओपनिंग बल्लेबाज चाहिए था, इसलिए शुभमन गिल की टीम में जगह नहीं बनती। चयनकर्ताओं का यह कहना जरूरी था वरना यदि वे गिल के टी20 प्रदर्शन की बात करते तो सवाल ये भी पूछा जाता कि यदि शुभमन गिल का प्रदर्शन खराब है तो कप्तान सूर्या का आंकडा तो बदतर है। सूर्या ने 2025 में 21 पारियों में केवल 218 रन बनाए हैं। सूर्या का औसत 13.62 रन और स्ट्राइक रेट 123.16 का है। इस आधार पर सूर्या की टीम में जगह नहीं बनती है। इस टीम में दो विकेटकीपरों का चयन किया गया है और दोनों ओपनर हैं। सवाल ये है कि क्या दोनों खेलेंगे और यदि दोनों खेले तो क्या दोनों ओपनिंग करेंगे या अभिषेक के साथ कौन ओपनर होगा। ये एक गुत्थी है जिसका समाधान शायद कोच गौतम गंभीर के पास हो। वहीं जैसा कि उल्लेखनीय है कि टीम का उप कप्तान अक्षर पटेल को बनाया गया है ,तो क्या यह तय हो गया है स्पिनर के तौर पर टीम की पहली पसंद अक्षर हैं ना कि कुलदीप यादव। अब साफ हो गया है कि टीम में एक ही स्पिनर की जगह बनती है तो अक्षर ही खेलेंगे कुलदीप नहीं। चयनकर्ताओं के इस निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं कि मौजूदा उप कप्तान शुभमन गिल की जगह नहीं बन रही थी तो हार्दिक पांड्या को उप कप्तान बनाना चाहिए था क्योंकि वो टीम के एक्स फैक्टर हैं। दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर हैं। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हैं। हार्दिक पांड्या को तो भारतीय टी20 टीम का भी कप्तान बनाया जा सकता था। इस टीम में दो खिलाड़ियों की वापसी हुई है। एक हैं ईशान किशन और दूसरे रिंकू सिंह। ईशान ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी में झारखंड की टीम को चैंपियन बनाया और खुद भी काफी अच्छा खेले। मगर उनको प्लेइंग इलेवन में खिलाया जाता है या नहीं कह नहीं सकते। दूसरे रिंकू सिंह को इस लिए वापस लाना पड़ा कि टीम में नीचे एक फिनिशर की जरूरत महसूस की गई। रिंकू सिंह एशिया कप के फाइनल में केवल एक गेंद खेले थे और विनिंग रन बनाया था। फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनको टीम में नहीं चुना गया। मगर अब टी20 वर्ल्ड कप की टीम में जगह दी गई है। वैसे तो चुनी गई टीम काफी संतुलित है। एक बार फिर से वर्ल्ड कप जीत सकती है। मगर कप्तान सूर्य कुमार यादव का फार्म में आना जरूरी है क्योंकि वो ऐसी पोजिशन पर खेलते हैं, जहां रन रेट को बरकरार रखना जरूरी होता है। मगर फिलहाल के उनके फार्म को देखकर लगता है कि सूर्या ही इस टीम के कमजोर कड़ी हैं।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वाड– सूर्य कुमार यादव (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, अभिषेक शर्मा, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, कुलदीप यादव, हार्दिक पांड्या, वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल (उप–कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर) और रिंकू सिंह।

## एसडीएम के नेतृत्व में नानपारा में गरजा बुलडोजर

### – तालाब की भूमि बनी 10 पक्की दुकानें हुई जमींदोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लालबोझी स्थित गाटा संख्या 670 रकबा 0.024 है जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6–1 जलमग्न भूमि (तालाब) के नाम दर्ज है पर यासीन पुत्र छुटकन खां उर्फ रियासत उल्ला खां निवासी मझोबा भुलेरा, परगना व तहसील नानपारा द्वारा लंबे समय से बनाई गई 10 दुकानों को सोमवार को उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर तहसीलदार नानपारा, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने जेसीबी के माध्यम से पक्की बनी 10 दुकानों को नियमों के अंतर्गत ध्वस्त करवा दिया। सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण पर जेसीबी से ध्वस्तीकरण होने पर अवैध कब्जेदारों में बेचैनी बढ़ गई है। तहसील प्रशासन की सख्त कार्यवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम द्वारा की गई कार्यवाई जलस्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तालाब के अतिक्रमण मुक्त होने से ग्रामीणों को भविष्य में जल संरक्षण का लाभ मिलेगा। ध्वस्तीकरण की कार्यवाई के दौरान तहसीलदार नानपारा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। सम्पूर्ण कार्यवाही शान्तिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। एसडीएम नानपारा ने बताया कि शासन व प्रशासन के स्पष्ट निर्देश है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त किया जाय। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत भविष्य में भी अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर किसी प्रकार के अवैध अतिक्रमण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में तहसील प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध पूरी दृढ़ता से कार्यवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश में असमानता

अजीत द्विवेदी

यह निष्कर्ष पुराना है कि भारत एक गहरी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक असमानता वाला देश है। सामाजिक असमानता में जातीय, धार्मिक और लैंगिक असमानता सब शामिल है। यह निष्कर्ष हर साल आने वाली इनइक्वलिटी लैब की रिपोर्ट से प्रमाणित होता है। इस साल की फ्रांस की इनइक्वलिटी लैब की रिपोर्ट बुधवार, 10 दिसंबर को प्रकाशित हुई। पिछले साल के मुकाबले इस रिपोर्ट में ज्यादा कुछ नहीं बदला है। भारत की एक फीसदी आबादी के पास देश की 40 फीसदी संपत्ति है। अगर इसका दायरा थोड़ा बड़ा करें तो दिखेगा कि शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल संपत्ति का 65 फीसदी हिस्सा है। इनकी तुलना में सबसे नीचे के 50 फीसदी लोगों को देखें तो उनके पास सिर्फ 6.4 फीसदी दौलत है। इसका मतलब है कि बीच के 40 फीसदी यानी मध्य वर्ग के पास 30 फीसदी से कुछ कम संपत्ति है। दुनिया के स्तर पर यह असमानता थोड़ी ज्यादा दिखती है। इसी रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सिर्फ 60 हजार लोगों यानी कुल आबादी के 0.001 फीसदी के पास इतनी संपत्ति है, जितनी नीचे की 50 फीसदी आबादी के पास नहीं है। दुनिया की आधी आबादी यानी करीब चार सौ करोड़ लोगों से ज्यादा संपत्ति सिर्फ 60 हजार लोगों के पास है। असमानता की ताजा रिपोर्ट से यह मिथक भी टूटा है कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश में असमानता बढ़ रही है। असल में भारत में पहले जो आर्थिक असमानता थी इस सरकार ने उसी को मेंटेन किया है। देश के सबसे अमीर 10 फीसदी लोगों और सबसे गरीब 50 फीसदी लोगों की आय के बीच 2014 में 38 फीसदी का अंतर था, जो 2024 में 38.2 फीसदी हुआ है। यानी दोनों की आय की असमानता लगभग उतनी ही है, जितनी 10 साल पहले थी। इसका अर्थ है कि भारत की आर्थिक नीतियों की निरंतरता कायम है। जिन नीतियों ने असमानता को बढ़ाया उन्हें जारी रखा गया है। अगर स्थायी संपत्ति की बात छोड़ें तो देश में हर साल जो आय उत्पादित हो रही है उसका 58 फीसदी हिस्सा ऊपर की 10 फीसदी आबादी के पास जा रहा है और नीचे की 50 फीसदी आबादी के पास आय का सिर्फ 15 फीसदी हिस्सा जा रहा है। यानी जिन लोगों के पास 65 फीसदी संपत्ति है उनके पास कुल आय का 58 फीसदी जा रहा है और जिनकी कुल संपत्ति 6.4 फीसदी है उनके पास कुल आय का 15 फीसदी जा रहा है। अगर रुपए के हिसाब से देखें तो भारत में नीचे की 50 फीसदी आबादी की प्रति व्यक्ति सालाना आय एक लाख रुपए से कम है। यानी 70 करोड़ की आबादी की प्रति व्यक्ति मासिक आय आठ हजार रुपए के करीब है। इनके मुकाबले एक फीसदी आबादी यानी एक करोड़ 40 लाख टॉप लोगों की औसत सालाना आय डेढ़ करोड़ रुपए के करीब है। इस वर्ग के लोग औसतन हर महीना 12 लाख रुपए से ज्यादा कमाते हैं। सोचें, आठ हजार रुपए और 12 लाख रुपए महीना के फर्क पर! अगर टॉप 10 फीसदी की आय देखें तो उनकी औसत सालाना आय 40 लाख रुपए के करीब है। उसके बाद मध्य वर्ग के 40 फीसदी लोग आते हैं, जिनकी औसत सालाना आय साढ़े चार लाख रुपए के करीब है यानी 40 हजार रुपया महीना से कम। इस असमानता को अगर जाति, धर्म, लिंग और क्षेत्र के हिसाब से देखेंगे तो और भयावह तस्वीर सामने आएगी। देश के सबसे पिछड़े राज्य बिहार में तो एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिनकी मासिक आमदनी छह हजार रुपए है। यह बिहार सरकार की ओर से कराई गई जाति गणना में पता चला। इसका मतलब है कि करीब पांच करोड़ लोग ऐसे हैं, जो महीने का 12 सौ रुपया कमाते हैं। भारत में अपनाई गई आर्थिक नीतियों को देखते हुए कह सकते हैं कि निकट भविष्य में इस स्थिति में सुधार की कोई संभावना नहीं दिख रही है। भारत लंबे समय से ट्रिकल डाउन थ्योरी पर चल रहा है। इसका अर्थ है कि ऊपर वालों का घड़ा भर जाएगा तो उसमें रिस कर नीचे गिरना शुरू होगा, जिससे बाकी लोगों का भला होगा। लेकिन मुश्किल यह है कि ऊपर वाले लगातार अपने घड़े का आकार बढ़ाते जा रहे हैं। उनका घड़ा भरने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। तभी भारत की बड़ी आबादी सरकार प्रायोजित सर्वाइवल स्कीम्स पर पल रही है। इस रिपोर्ट में एक खास बात यह है कि आजादी के बाद एक समय ऐसा आया था, जब टॉप 10 फीसदी और बॉटम 50 फीसदी के बीच का अंतर काफी कम हो गया था। वह अच्छा था या बुरा यह अलग विश्लेषण का विषय है। लेकिन ऐसा लग रह है कि आजादी के बाद जो मिश्रित अर्थव्यवस्था वाली नीति अपनाई गई थी उसने निजी तौर पर लोगों के बेहिसाब दौलत इक–ा करने या बेहिसाब कमाई करने पर रोक लगाई थी। ब्रिटिश शासन में ऊपर के 10 फीसदी और नीचे के 50 फीसदी के बीच जो अंतर था वह 1940 से कम होना शुरू हुआ था और 1980 के दशक में सबसे कम था। 1983–84 के आसपास भारत के शीर्ष 10 फीसदी लोगों की कुल आय में हिस्सेदारी 30 फीसदी से नीचे आ गई थी, जबकि नीचे के 50 फीसदी की हिस्सेदारी बढ़ कर 23 फीसदी तक पहुंच गई थी। परंतु 1991 में अपनाई गई उदार आर्थिक नीतियों के बाद एक बार फिर असमानता बढ़ने लगी। 2024 में नीचे के 50 फीसदी की आय 15 फीसदी पर आ गई और ऊपर के 10 फीसदी की आय 58 फीसदी पहुंच गई। इसमें टॉप एक फीसदी के पास कुल आय का 22.6 फीसदी जा रहा है। जब मिश्रित अर्थव्यवस्था थी तब सरकार माईबाप थी लेकिन उस समय कम आबादी सरकार माईबाप पर निर्भर थी। आज ज्यादा बड़ी आबादी माईबाप सरकार की ओर से प्रायोजित सर्वाइवल स्कीम्स पर निर्भर है। अब सवाल है कि भारत में अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों से भी ज्यादा असमानता होने का मूल कारण क्या है? इसके कई कारण हैं और गौर से देखें तो सारे कारण सामने दिखते हैं। सरकार शसबका साथ, सबका विकासश् की बात करती है लेकिन असल में सबके साथ से कुछ लोगों का विकास होता है। भारत में टैक्स का सिस्टम ऐसा है कि देश के गरीब से गरीब आदमी को भी वैसे ही अप्रत्यक्ष कर यानी जीएसटी भरना है, जैसे अमीर आदमी को भरना है। दूसरी ओर अमीर आदमी के लिए कॉरपोरेट टैक्स में भारी भरकम छूट से लेकर बैंकों का कर्ज माफ होने तक की सुविधा है। मजदूरों और पेशेवरों की मजदूरी या वेतन कछुआ चाल से बढ़ रहा है, जबकि कॉरपोरेट मुनाफा, शेयर बाजार की कमाई और रियल इस्टेट की आय दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट नहीं बढ़ा रही है। इसका नतीजा है कि गरीब और मध्य वर्ग की ठहरी हुई कमाई का बड़ा हिस्सा शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च होता है। ऐसे में उसकी संपत्ति कहां से बढ़ेगी? सरकार डंका पीटती है कि रिकॉर्ड टैक्स कलेक्शन हो रहा है लेकिन उस टैक्स का डिस्ट्रीब्यूशन कैसे हो रहा है यह कभी नहीं बताया जाता है। आम लोगों को श्मुफ्त की रेवड़ीश् पर निर्भर बना कर कॉरपोरेट की कमाई बढ़ाई जा रही है। यही आर्थिक असमानता का सबसे बड़ा कारण है।

# कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चंद्रशेखर आजाद .षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के परिसर स्थित .षि इंजीनियरिंग कॉलेज में किसान नेता भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप मे



मनाई गई। जिस पर एक छोटी मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जेपी यादव और डॉ. केके पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के संक्षिप्त जीवन परिचय से किया। वहीं दुग्ध एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत सिंह ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि चौधरी साहब भूमि सुधारों के प्रमुख सूत्रधार थे एवं जोत अधिनियम लाकर किसानों के लिए कार्य करते हुए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने अपनी अगुवाई में सभी विद्यार्थियों, कर्मचारियों, अधिकारियों से राष्ट्रीय किसान दिवस पर किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी साहब के सम्मान में एक छोटी मैराथन भाग लिया। इस मैराथन में अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. जेपी यादव, डॉ. केके पटेल, सत्येंद्र पाल, इंजी. मलीहा खानम, डॉ श्वेता दुबे, डॉ. आशुतोष, डॉ अरुण कुमार सहित समस्त कर्मचारियों और छात्र–छात्राओ ने प्रतिभाग किया।

# डीएम-एसपी ने ली हाईलेवल सड़क सुरक्षा बैठक

## - ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग व ओवरहाइट वाहनो पर विशेष अभियान के निर्देश

## - डीएम ने गन्ना वाहनों में शत प्रतिशत लाल कपड़ा और रिट्रोरिफ्लेक्टिव टेप लगाने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, ओवरहाइटिंग, सीटबेल्ट, हेलमेट की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएं। बैठक में अब तक किए गए चालानों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने बताया कि प्रवर्तन की कार्यवाही निरंतर की जा रही है. जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर



पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। चीनी मिलो पर वाहन प्रबंधन हेतु गन्ना अधिकारी एवं चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया। डीएम ने सभी चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया कि गन्ना वाहनों पर शत प्रतिशत लाल कपड़ा और टेप लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि मिलें ग्राम स्तर पर किसानों को जागरूक करें और सामग्री का वितरण सुनिश्चित करें। इसके लिए माइक्रो प्लानिंग बनाकर जमीन पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सड़कों की सुरक्षा और विजिबिलिटी बनाए रखने के लिए डीएम ने जिले भर की सड़क किनारी उगने वाली घास साफ करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही विद्युत विभाग को सैगिंग केबल की मरम्मत के लिए भी सक्रिय रहने को कहा गया। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने स्कूलों में रोड सेटी क्लब के क्रियान्वयन, एनसीसी और स्काउट गाइड के जागरूकता अभियानों और नो हेलमेट नो यूल के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों से एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में सड़क दुर्घटना विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, स्कूली वाहनों के मानक, सड़क मरम्मत, ड्रेनेज वर्क, पुल–तटबंध की सुरक्षा, वाहन प्रबंधन, शहरी चौराहों पर अतिक्रमण और सड़क सुरक्षा मित्र एवं राजवीर योजना के प्रचार–प्रसार की पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रशासनिक प्राइवेट पार्टिसिपेशन से ट्रामा की व्यवस्था सु.ढ़ करने, वल्नरेबल पॉइंट से हॉस्पिटल्स को मैप करने हेतु निर्देशित किया। एम्बुलेंस के रिस्पांस टाइम इम्प्रूव करने हेतु कहा गया। इनकी रही मौजूदगी बैठक में एआरटीओ शांति भूषण पांडे, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, केके झा, शुभ नारायण, सीएमओ संतोष गुप्ता, एआरएम रोडवेज लखीमपुर, एनएचएआई के इंजीनियर डीआईओएस सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# एसआईआर प्रगति के संबंध में एडीएम ने की बैठक

## - सभी अधिकारी व कर्मचारी एसआईआर को प्राथमिकता के आधार पर करें पूर्ण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र मधुबन के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में समस्त सुपरवाइजर के साथ तहसील सभागार मधुबन में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य एसआईआर से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर दिशा निर्देश प्रदान करना था। समीक्षा के दौरान अपर जिला अधिकारी ने बारी बारी से समस्त सुपरवाइजरों से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने समस्त लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान अपर जिला अधिकारी ने कार्य में शुद्धता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इसके अलावा फील्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण करने हेतु भी उन्होंने समस्त सुपरवाइजर को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने एसआईआर के संबंध में किसी भी समस्या की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर उपस्थित उप जिला अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं समस्त सुपरवाइजरों को एसआईआर से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर भरथना पुलिस ने किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना भरथना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम थरी में महिला एवं बालिका जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया। पुलिस टीम द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, छेड़छाड़ एवं अन्य महिला अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन पुलिस द्वारा दिया गया।

# अटरिया क्षेत्र में चोरों का आतंक, एक ही रात में पांच घरों पर धावा

## - पुलिस की नाक के नीचे बेखौफ वारदात, ग्रामीणों में दहशत

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। सिधौली कोतवाली अंतर्गत थाना अटरिया क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने आतंक मचा दिया। चोरों ने एक के बाद एक पांच घरों को निशाना बनाते हुए हजारों की नगदी और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया, जबकि एक अन्य घर में चोरी का प्रयास किया गया। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्रीय लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। ताले तोड़कर छात्रा का मोबाइल और गुल्लक ले उड़े चोर पैसे निकालकर गुल्लक नाली में फेंकी चोरों की बेशर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक घर का ताला तोड़कर छात्रा का एंड्रॉयड मोबाइल और गुल्लक चोरी कर ली गई। चोरों ने गुल्लक से पैसे निकालने के बाद उसे नाली में फेंक दिया। यह हरकत न सिर्फ चोरी बल्कि मानसिक उत्पीड़न का भी उदाहरण है। एक के बाद एक कई घरों को बनाया निशाना ग्रामीणों की मेहनत की कमाई पर फिरा पानी जानकारी के अनुसार रमेश, बब्लू (सगे भाई), खग्गा, शनीलाल पुत्र रेवती, प्रेम किशोर पुत्र रामभरोसे और विजय यादव पुत्र राजकरन यादव के घरों में चोरों ने धावा बोला। पीड़ितों के अनुसार नगदी, मोबाइल, चांदी की चेन, सोने के बुंदे सहित अन्य सामान चोरी हुआ है। बताया गया कि तीन महीने पहले भी इसी गांव में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी, जिसमें नकदी और सोने–चांदी के जेवर चोरी हुए थे, लेकिन आज तक कोई खुलासा नहीं हो सका। अटरिया में चोरी की घटनाएं बनीं रोज का खेल पुलिस के हाथ अब तक खाली स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीते एक महीने में इसी गांव में कई घरों में चोरी हो चुकी है, लेकिन पुलिस हर बार केवल जांच का आश्वासन देकर रह जाती है। नतीजा यह है कि चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। चौकीदार को चारपाई से बांधकर चोरी एट भट्टे से जनरेटर का अल्टरनेटर उड़ा ले गए चोर अटरिया कस्बे के एट भट्टे पर भी चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया था, जहां चौकीदार को चारपाई से बांधकर जनरेटर का अल्टरनेटर चोरी कर लिया गया। यह घटना भी आज तक रहस्य बनी हुई है। पत्रकार के घर 20 लाख की चोरी, फिर भी सन्नाटा सवालों के घेरे में अटरिया पुलिस कुछ समय पूर्व अटरिया कस्बे में एक पत्रकार के घर 20 लाख रुपये की बड़ी चोरी की वारदात हुई थी, जिसने पूरे इलाके को हिला दिया था। लेकिन इस हाई–प्रोफाइल मामले में भी पुलिस आज तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। थाना अटरिया बना चोरों के लिए सुरक्षित जोन? जनता पूछ रही . कब जागेगी पुलिस? लगातार हो रही चोरियों ने अटरिया पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आम हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस न तो गश्त बढ़ा रही है और न ही पुराने मामलों का खुलासा कर पा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस, जांच के नाम पर खानापूर्ति पीड़ितों को अब भी इंसाफ का इंतजार घटना की सूचना मिलते ही थाना अटरिया पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू की, लेकिन पीड़ितों और ग्रामीणों को अब भी ठोस कार्रवाई की उम्मीद है। जनता का साफ कहना है कि अगर जल्द ही चोरियों पर लगाम नहीं लगी तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

# किसान मेला व प्रदर्शनी के दूसरे दिन का भाजपा जिलाध्यक्ष व डीएम ने किया शुभारंभ

## - जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय तीन दिवसीय विराट किसान मेला, प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट के प्रांगण में किया गया है। आज .षि मेला, प्रदर्शनी के दूसरे दिन स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह भूतपूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य एवं जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरांत सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज की बच्चियों द्वारा स्वागत गीत एवं अमृत पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा पर्यावरण पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा मेले में सहकारिता विभाग, .षि विभाग, उद्यान विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया। जिलाध्यक्ष व डीएम द्वारा जनपद में .षि के क्षेत्र में उत्.ष्ट कार्य करने वाले किसानों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के जयंती के अवसर पर इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हम सभी लोग स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी को किसानों का मसीहा मानते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों के हितों में बहुत योजनाएं चलाएं जा रही है जिससे किसान लाभान्वित हो रहे हैं। अध्यक्ष द्वारा वहां पर उपस्थित किसान भाइयों से मोटे अनाज का प्रयोग करने की बात कही एवं उससे होने वाले फायदे के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आह्वान है कि सभी लोग स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें जिससे भारत का पैसा भारत में रहे और देश विकसित बने। इसलिए सभी लोग स्वदेशी सामानों का प्रयोग करें एवं देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तीन दिवसीय किसान मेले का आयोजन देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण जी के जन्म दिवस के अवसर पर किया गया है। जिन्होंने किसानों के हित में बहुत से उत्.ष्ट कार्य किए। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी किसान आधुनिक तकनीकी के साथ कार्य करता है तो .षि के क्षेत्र में उसको अवश्य लाभ मिलता है। किसान अपनी उत्पादित चीजों का मूल्य काफी हद तक खुद डिसाइड करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में उद्यमशीलता होती है पैसे को बचाने की क्षमता पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में ज्यादा होती है इसलिए अगर उनको एक बार अच्छी ट्रेनिंग मिल जाए तो निश्चित ही वह अच्छा कार्य करेंगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा मेले में आए हुए सभी किसान भाइयों माताओं एवं बहनों को धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने आपदा वाणिज्यिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद के दो .षक संगठन फतेहपुर मंडाव ग्रीन वेजिटेबल्स फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड दुबारी तथा कामता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कटिहारी बुजुर्ग बड़राव को उत्पादक संगठन को निर्यातक कोड प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में .षि उपनिदेशक सत्येंद्र सिंह चौहान, जिला .षि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया जोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चार दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा उत्सव के आयोजन में आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर .षि इंजीनियरिंग कॉलेज, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य महाविधालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगताओं में संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन डॉक्टर देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में चल रहे चार दिवसीय खेल कार्यक्रम में आज विभिन्न खेलों के परिणाम इस प्रकार रहे आज कबड्डी में चतुर्थ वर्ष की टीम ने द्वितीय वर्ष को हराया। लांग जंप बॉयज प्रथम धीरज द्वितीय वर्ष द्वितीय अनीस यादव द्वितीय वर्ष तृतीय अनुज यादव तृतीय वर्ष लांग जंप गर्ल्स में प्रथम रिया प्रथम वर्ष



द्वितीय स्थान प्रियंका चतुर्थ वर्ष तृतीय स्थान पर मानसी प्रथम वर्ष 400 मीटर गर्ल्स फाइनल प्रथम प्रीति द्वितीय अनु तृतीय साक्षी 200 मीटर गर्ल्स प्रथम रिया सिंह द्वितीय अनुप्रिया सिंह तृतीय मानसी सचान बॉलीबॉल गर्ल्स विजेता पीहू यादव टीम उपविजेता तनिष्क तोमर टीम डिसकस थ्रो प्रथम सचिन कुमार द्वितीय अभय विक्रम सिंह तृतीय हर्ष प्रिय बौद्ध कबड्डी में तृतीय वर्ष ने प्रथम वर्ष को हराया। महाविधालय में कार्यक्रम के शुभ अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर जेपी यादव, डॉक्टर अजीत सिंह, डॉक्टर एन के शर्मा, डॉक्टर के के पटेल, डॉ टीके माहेश्वरी ,डॉ आशीष कुमार, डॉ अरुण कुमार, डॉ आशुतोष का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र पाल डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा ने आज के खेलो के परिणाम घोषित किए।

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की गाथा से गूंजा शहर

न्यूज वाणी ब्यूरो


इटावा। वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा की प्रभात फेरी, साहिबजादों को दी गई श्रद्धांजलि। देश की इतिहास–चेतना और राष्ट्रभक्ति की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 दिसंबर को पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में तथा जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया व सतेंद्र राजपूत के संयुक्त संयोजन में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ नए गुरुद्वारा से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुराने गुरुद्वारा पहुंची और पुनः नए गुरुद्वारा पर समापन हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधक तरण पाल सिंह कालड़ा एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ चार साहिबजादों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अत्यंत अल्प आयु में सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके धर्मांतरण के विरोध में दिए गए अद्वितीय बलिदान को युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वीर बाल दिवस मना रही है। साहिबजादों की वीरता, साहस और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा आज भी समाज को प्रेरणा प्रदान करती है। साथ ही उन्होंने माता गुजरी और श्री गुरु गोविंद सिंह जी के त्याग और शौर्य को भी नमन किया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधक तरण पाल सिंह कालड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादों की शहादत, साहस और राष्ट्रधर्म के प्रति समर्पण की गाथा को आमजन तक पहुंचाने का निर्णय सराहनीय और प्रेरणादायक है।




प्रभात फेरी में जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, अंशुल दुबे, .पानारायण तिवारी, कार्यक्रम संयोजक देवप्रताप भदौरिया, सह–संयोजक सतेंद्र राजपूत, मनदीप सिंह, दलजीत सिंह, सरदार मोहन सिंह, मनप्रीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष शिवकिशोर धनगर, जिला मंत्री डॉ. ज्योति वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, रवि प्रकाश धनगर, मंडल अध्यक्ष चंदन मिश्रा, प्रमोद राठौर, बासु चौधरी, मोनू चौहान, अभिषेक मिश्रा, सुरेश राजपूत, बच्चू मिश्रा, अर्पित तिवारी, डब्बू चौधरी, चंचल पाण्डेय, अमित शर्मा, प्रभात चौधरी, योगेश दुबे, अमरचंद सविता सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय मे आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. एनके शर्मा आमंत्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो / इटावा। सरदार वल्लभभाई पटेल .षि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में डा० एन के शर्मा पूर्व अधिष्ठाता ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता करते हुए सौर ऊर्जा–अवसर एवं चुनौतिया विषय पर अवगत कराया कि सौर ऊर्जा क्षेत्र में भारत के लिए अपार अवसर हैं जैसे रोजगार सृजन, स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा स्वतंत्रता। उन्होंने अपने ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि उच्च शुरूआती लागत, भूमि अधिग्रहण की समस्या, तकनीकी



निर्भरता और जागरूकता की कमी प्रमुख रूप से शामिल हैं। डा० शर्मा ने बताया कि सरकार कई परियोजनाओं जैसे सोलर पार्क, सोलर रूफटॉप योजना के माध्यम से इन अवसरों का लाभ प्रदान कर रही है और चुनौतियों का समाधान कर रही है। जिससे हमारा देश नेट–जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। डा० शर्मा ने अवगत कराया कि सौर परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं और सकल आय बढ़ रही है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के माध्यम से वैश्विक स्तर पर नेतृत्व और साझेदारी बढ़ रही है। डा० शर्मा ने अवगत करवाया कि भारत सौर ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन इन अवसरों का पूरा लाभ उठाने और चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर प्रयासों को नवाचार की आवश्यता है। हाल ही में डा० शर्मा का मदुरै तमिलनाडु में डीन एक्सीलेंस पुरस्कार हेतु चयन भी किया गया है। अंत में डा० शर्मा ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति डा० केके सिंह एवं संगोष्ठी के संयोजक डा० प्रेरणा को आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अटल स्मृति पखवाड़ा के रूप में मनाई जाएगी पूर्व पीएम की जयंती

## – बीर बाल दिवस पर 26 को जिले में आयोजित होंगी गोष्ठियां

## – भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती 25 दिसंबर को अटल स्मृति पखवाडा के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रतियोगितायें, विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी तथा उनके जीवन पर आधारित कविता पाठ व स्वच्छता अभियान सहित दर्जनों रचनात्मक एवं प्रेरणादाई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में आज एक जिला स्तरीय कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि अटल जी एक नेता ही नहीं थे वल्कि युग .ष्टा, कवि और राष्ट्रनायक थे उनके विचार आज भी देश की राजनीति और शासन व्यवस्था को दिशा देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि अटल जी जयंती पर 24 दिसंबर को उनकी मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा तत्पश्चात उनकी मूर्ति या चित्र पर



दीपंजलि का कार्यक्रम होगा। 25 दिसंबर को प्रत्येक बूथ पर उनकी जयंती मनाई जाएगी अटल जी की प्रदर्शनी व विशाल गोष्ठी का आयोजन होगा। 26 दिसंबर को बीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोविन्द सिंह व बीर बाल साहिबजादों के बलिदान दिवस को स्मरण कर गुरुद्वारे व सार्वजनिक स्थलों पर विशाल कार्यक्रम आयोजित कर उनके बलिदान व साहस का सन्देश दिया जायेगा। इसी दौरान मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में मण्डल स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी पदाधिकारियों से अटल जी की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वाहन किया। बैठक में जिला प्रवासी दिनेश तिवारी व अवधेश गुप्ता, जगराम सिंह, संतोष गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, उत्तम सक्सेना, अयोध्या सिंह पटेल, प्रेमनारायण द्विवेदी, विवेकानंद गुप्ता, ममता मिश्रा, वंदना गुप्ता, जाग्रति वर्मा, धर्मेंद्र त्रिपाठी, पंकज रायक्रवार, अखिलेश दीक्षित, प्रेम नारायण पटेल आदि मौजूद रहे।

# सिधौली में पुलिस बदमाश मुठभेड़ 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

## - पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

## - हत्या, लूट व जबरन वसूली के नौ मुकदमों में वांछित था बदमाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के सिधौली थाना क्षेत्र में पुलिस और एसओजी टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 50000 के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरतार कर लिया। 23 दिसंबर की देर रात हुई इस कार्रवाई में बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लग गई और वह मौके पर ही दबोच लिया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों की गिरतारी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के नेतृत्व में एसओजी टीम व थाना सिधौली पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध बदमाश मोटरसाइकिल से ग्राम बाड़ी के पास कोनी घाट पुल की ओर आ रहा है। घेराबंदी के दौरान पुलिस को देखते ही बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरतार कर लिया गया। गिरतार अपराधी की पहचान छोटू मिश्रा उर्फ सुनील मिश्रा उर्फ संजय मिश्रा, पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा, निवासी सिद्धेश्वर नगर, थाना सिधौली, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक संदिग्ध अपाची मोटरसाइकिल, एक अवैध 12 बोर तमंचा, दो कारतूस (जिंदा व खोखा), एक मोबाइल फोन और 1940 नकद बरामद किए गए हैं। घायल बदमाश को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती की तैयारी और आर्म्स एक्ट सहित कुल 9 संगीन मुकदमे दर्ज



हैं। वह थाना सिधौली में पंजी.त एक जबरन वसूली के मामले में लंबे समय से फरार था और उस पर 50,000 का इनाम घोषित था। इस साहसिक कार्रवाई में एसओजी टीम के निरीक्षक सतेंद्र विक्रम सिंह अपनी टीम के साथ तथा थाना सिधौली के प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल सहित शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त और प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई पूर्व पीएम की जयंती

## - प्रेक्षागृह में किसान मेला व सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

## - फसल प्रतियोगिताओं के विजेता किसानों को डीएम ने किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किसान सम्मान दिवस का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व० चौधरी चरण सिंह की जयन्ती को किसान सम्मान् दिवस के रूप में मनाया गया। प्रेक्षागृह परिसर में आत्मा योजना के अर्न्तगत किसान मेला सह प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने किया। किसान सम्मान दिवस में .षि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, मृदा परीक्षण, प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति, इफको, अग्रणी जिला प्रबन्धक, भूमि संरक्षण विभाग आदि विभागों एवं अन्य एनजीओ द्वारा



स्टाल लगाये गये। सर्वप्रथम चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। समारोह में रबी 2024–25 की फसल प्रतियोगिता, खरीफ 2024 की फसल प्रतियोगिता, श्री अन्न/मिलेट्स फसलों में कोदो फसल में विशिष्ट उत्पादन करने वाले किसानों के अलावा अतिरिक्त उद्यान, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग से चयनित 6–6 किसानों को भी प्रथम एवं द्वित्तीय पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। आयोजित किसान सम्मान दिवस के साथ आत्मा योजनार्न्तगत किसान मेला सह प्रदर्शनी में .षकों को कृषि की उन्नत तकनीकी एवं विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। उप .षि निदेशक ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राविधिक सहायक मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रेमदान पाल द्वारा .षकों को मृदा परीक्षण कराने, संतुलित उर्वरक का प्रयोग करने एवं रबी फसलों में लगने वाले रोगों के नियंत्रण के बारे में .षकों को विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने .षकों को .षि एवं उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। .षकों से उन्नतशील खेती करने, मिलेट्स फसलों के महत्व एवं उसके उत्पादन को बढाने की अपील की। अन्त में उप .षि निदेशक ने किसान सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर किसान सम्मान दिवस समारोह का समापन किया।

# सीडीओ ने सीएसआर संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर डाला प्रकाश

## - मातृ व शिशु स्वास्थ्य, पोषण में सुधार हेतु सामूहिक सहयोग व रणनीति भागीदारी का किया आहवान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समावेशी व सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सार्वजनिक उद्यम विभाग और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में रेडिसन होटल भोपाल में सीपीएसई की क्षमता संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने संबोधन देते हुए आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत सीएसआर संसाधनों के प्रभावी उपयोग, सफल नवाचारों, सर्वोत्तम प्रथाओं व जमीनी स्तर की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आकांक्षी जिला फतेहपुर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में ठोस सुधार हेतु सामूहिक सहयोग और रणनीतिक भागीदारी का आह्वान किया। सीडीओ ने विशेष रूप से रेखांकित किया कि जीवन के प्रथम 1000 दिन में सतत निवेश, कुपोषण, कमजोर सीखने के परिणामों और सामाजिक–



आर्थिक असुरक्षा के पीढ़ीगत चक्र को तोड़ने के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे जिले के दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलती है। कार्यशाला में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, सीपीएसई के सीएसआर प्रमुख, कार्यान्वयन एजेंसियां, सीएसआर विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों ने गुजरात, जम्मू–कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा पूर्वोत्तर राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के आकांक्षी जिलों के लिए प्रभावशाली सीएसआर रणनीतियों के सह–निर्माण पर विचार–विमर्श किया।

# अटल चौराहे में आज पूर्व पीएम की प्रतिमा का होगा लोकार्पण

## – 101 वीं जन्मजयन्ती की पूर्व संध्या पर भाजपा जिलाध्यक्ष करेंगे अनावरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुप्रतीक्षित अटल चौराहे में बुधवार शायं पांच बजे देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा का लोकार्पण भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के करकमलों द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र नाथ बाजपेई करेंगे। जनपद के जनप्रतिनिधियों व गणमान्यों की उपस्थिति रहेगी। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि बुधवार को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा अटल चौराहे पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा व अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के तत्वावधान में लोकार्पण किया जायेगा। जिसकी तैयारी में नगर पालिका के सभासद संजय लाला, विनय तिवारी, सुनील कुमार गुप्ता सहित सभासदों द्वारा किया गया है। लोकार्पण उपरांत दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम में चेयरमैन राजकुमार मौर्य सहित अतीश पासवान, आशुतोष सिंह कछवाह, पूजा देवी, सुनीता लोधी, रीना लोधी, अवशेष जायसवाल, नेहा, पवन द्विवेदी सहित सभी सभासद भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# सीएम के आदेश की अवहेलना, राजस्व तंत्र पर संरक्षण के आरोप

## - सरकारी जमीन पर पीएम आवास, गलत नाप से वैध-अवैध का खेल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विजईपुर विकास खंड अंतर्गत कछरा गांव में सरकारी व सहकारी भूमि पर बने पीएम आवास का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। पीड़ित जयचन्द निषाद ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दिये गये आदेश के बावजूद राजस्व विभाग ने न तो निष्पक्ष जांच की और न ही अवैध निर्माण पर कोई ठोस कार्रवाई की। पीड़ित के अनुसार संदर्भ संख्या 12172250220305 पर मुख्यमंत्री कार्यालय से निर्देश जारी हुए थे, जिसके क्रम में 02 दिसंबर को अधिकारियों को मौके पर पहुंचना था, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। तीन दिसंबर को पीड़ित द्वारा स्वयं अधिकारियों के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद नौ दिसंबर को मौके पर जांच की तिथि तय की गई। हालांकि आरोप है कि लेखपाल शिव सिंह और राजस्व निरीक्षक खान आठ दिसंबर को ही गांव पहुंच गए और बिना पूर्व सूचना दबाव बनाकर कार्यवाही का प्रयास किया। ग्रामीणों ने जब नक्शा और अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 619 की स्थिति स्पष्ट



करने की मांग की, तो दोनों अधिकारी बिना जांच पूरी किए मौके से चले गए। आरोप है कि अधिकारियों ने मौके पर यह कहते हुए जांच से किनारा कर लिया कि यहां कोई निर्माण नहीं है, जमीन खाली है, जबकि अभिलेखों में स्थिति अलग दर्शाई जा रही है। इससे प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान पति वीरभान सिंह द्वारा उसे धमकाया गया और आरटीआई व आईजीआरएस शिकायतों को लेकर दबाव बनाया गया। थाना दिवस में भी लेखपाल और कानूनगो की अनुपस्थिति को लेकर पीड़ित ने सवाल उठाए हैं। जयचन्द निषाद का कहना है कि फरवरी 2022 से लगातार राजस्व विभाग द्वारा गलत नाप कर सरकारी भूमि को अवैध कब्जेदारों के पक्ष में दिखाया जा रहा है। वैध भूमि को अवैध और अवैध को वैध दर्शाकर संरक्षण दिया जा रहा है। मामले ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अब देखना होगा कि शासन इस प्रकरण में दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई करता है, या यह मामला भी कागजी कार्रवाई तक सीमित रह जाएगा।

# धर्म परिवर्तन के आरोप में चार पर मुकदमा, दो गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के जहांगीर नगर गहुरे मजरे लोहंगपुर गांव में धर्म परिवर्तन को लेकर गंभीर मामला सामने आया। गांव निवासी



बिहारी लाल की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया।

शिकायतकर्ता बिहारी लाल का आरोप है कि गांव के ही सुनील पासवान, संगीता पासवान, बलराज पासवान और रामस लंबे समय से गरीब एवं कमजोर वर्ग के ग्रामीणों को शिक्षा, नौकरी, इलाज व आर्थिक सहायता का प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। बिहारी लाल के अनुसार 21 दिसंबर को अनिल कुमार पासवान एवं उसके साथियों द्वारा बलराज पासवान के घर पर एक बैठक आयोजित की गई। जहां हिंदू देवी–देवताओं के प्रति आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणियां की गईं। बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीणों को ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए तरह–तरह के लालच दिए। शिकायत में यह भी कहा गया कि जब बिहारी लाल ने धर्म परिवर्तन का विरोध किया तो आरोपियों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे वह और उनका परिवार भयभीत है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजी.त करते हुए अनिल कुमार पुत्र झल्ली पासवान निवासी भीमपुर एवं संगीता पासवान पत्नी बलराज को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस संबंध में श्यामसुंदर गिरि ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दो आरोपियों को गिरतार कर जेल भेजा गया है तथा शेष आरोपियों की गिरतारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# छात्र-छात्राओं को सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर प्रशिक्षण जागरूकता अभियान कोटेष्वर इंटर कॉलेज रमवा व राजकीय हाईस्कूल कुसुम्भी में चलाया। डॉ अनुराग ने बताया कि सीपीआर को हम कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन कहा जाता है और जब किसी व्यक्ति की अचानक से ह्रदय गति रुक जाती है तो हम उसे सीपीआर देकर बचा सकते हैं। एक वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 30 बार दबाव व दो बार मुंह से सांस देते रहना है अनवरत जब तक ह्रदय धड़कना शुरू न कर दे। साथ ही डॉ अनुराग ने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीपीआर देने में 15 बार दबाना व 2 बार मुंह से सांस देना है। इस प्रक्रिया से हम किसी व्यक्ति की जान बचा सकते है। विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा द्वारा डॉ अनुराग को बैज अलंकृत कर पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक कोटेश्वर शुक्ल, प्रधानाचार्य डॉ उमाशंकर तिवारी, सहायक अध्यापिका कोमल सिंह, प्रमुख सहयोगी दिलीप कुमार श्रीवास्तव कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में खेलकूद सप्ताह का आगाज

## - सभासदों ने मुख्य अतिथि के तौर पर किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ब्रिलियंट ओरियंटल



स्कूल पक्का तालाब निबहरा में स्पोर्ट्स वीक का आयोजन किया गया। ग्रीन हाउस और ब्ल्यू हाउस के बीच क्रिकेट मैच हुआ। मैच का आगाज मुख्य अतिथि बाकरगंज के सभासद शादाब अहमद, ज्वालागंज के सभासद मोहम्मद अफताब, रामगंज पक्का तालाब के सभासद मोहम्मद साबिर, अंदौली के सभासद अखिलेश और अजगवां के सभासद विवेक यादव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया कर किया। अतिथियों का बुकें और हार पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने कहा कि स्कूल में खेलखूद के साथ ही पढ़ाई का भी बहुत अच्छा इंतजाम हैं। स्कूल की फैकेल्टी स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से बच्चों को तालीम दे रही है। स्कूल के अभिभावक इश्तियाक हुसैन ने भी सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके अलावा बैडमिंटन, वालीबाल, कबड्डी आदि के मैच खेले गए। डायरेक्टर .ष्णा उप्पल ने भी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोग स्कूल को और ऊंचाई पर पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद जरूरी है। पहले कहा जाता था कि खेलोगे कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, अब यह बदल गया है, अब हो गया है खेलोगे कूदोगे बनोगे नवाब। इसलिए बच्चे खेलों में भी अपना हौंसला दिखाएं। बच्चियां भी खेलों में बढ़चढ़कर भाग ले रही हैं। चेयरमैन वासिफ हुसैन ने भी सभी अथितियों का आभार जताया। प्रधानाचार्य फजल अहमद ने भी सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल का बैनर छात्र–छात्राओं ने बनाकर उसे गैस के गुब्बारों के साथ उड़ाया। खेलों का आयोजन पीटीआई मोहसिन और कोआर्डिनेटर ताहिर हसन की देखरेख में किया गया। अपने–अपने हाउस के कैप्टन ने भी सहयोग किया। इस मौके पर वकील अहमद, आसिफ हुसैन, फहमी मजहर, ताहिर हुसैन, ताहिर हसन, अरशद नूर अंसारी, अफजल, सलाहउद्दीन, सूफिया, अर्शिया, तहतीब, इमरान खान आदि मौजूद रहे।

*इनसेट*–

### ब्ल्यू हाउस नौ विकेट से मैच जीता

क्रिकेट में ब्ल्यू हाउस ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ग्रीन हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में छह विकेट खोकर 41 रन बनाए। इसके जवाब में ब्ल्यू हाउस ने अच्छे खेल का मुजाहिरा करते हुए एक विकेट खोकर 42 रन बना लिए। इस तरह से नौ विकेट से मैच जीत गया। मैच के अंपायर मोहम्मद आसिफ और अफजल रहे। यह लीग मैच था। अभी दोनों टीमों को एक और मौका मिलेगा।

# ब्राम्हण महिला प्रधान की गिरफ्तारी पर मंच ने भरी हुंकार

## - गिरफ्तारी के तरीके पर जताया एतराज



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ब्राह्मण चेतना सेवा संस्थान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए असोथर ब्लॉक के सरकंडी ग्राम प्रधान पुष्पा द्विवेदी को गिरतार करने के तरीके को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया। संस्थान के अध्यक्ष संजय तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार निश्चित एक जांच का विषय है परंतु जिस प्रकार महिला प्रधान पुष्पा द्विवेदी को उनके घर से बिना किसी महिला आरक्षी को साथ लिए घसीट कर लाया गया बहुत ही निंदनीय है। साथ ही ब्राह्मण समाज का घोर अपमान है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हम इसके लिए हर स्तर पर लड़ाई के लिए तैयार हैं। संस्थान के संरक्षक राजेंद्र तिवेदी ने कहा कि जिस प्रकार एक डकैत की तरह ब्राह्मण महिला को उनके घर से पुलिस लाई बहुत ही शर्मनाक है उन्हें कपड़े बदलने तक का समय नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि इस घृणित घटना के बावत मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री से भी शिकायत की जाएगी एवं घटना के विरुद्ध आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के हर ब्राह्मण को आगे आकर इस घटना का विरोध दर्ज करना चाहिए क्योंकि यह ब्राह्मणों की अस्मिता पर सवाल है। देवी प्रकाश दुबे ने कहा कि ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र में आपसी तनाव पैदा करने की यह राजनैतिक साजिश है जिसे ब्राह्मण समुदाय समझ रहा है। इस तरह से किसी महिला की गिरतारी स्वयं ही संशय सिद्ध करती है। इस दौरान संस्थान के नगर अध्यक्ष ब्रज किशोर शुक्ला, शिवाकांत दीक्षित भी मौजूद रहे।

# पूर्व पीएम व किसान नेता की धूमधाम से मनाई जयंती

## – बीकेयू टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने अर्पित की श्रृद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किसान मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मंगलवार को नहर कालोनी में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व किसान कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर



माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके अलावा विभिन्न पार्टी नेताओं ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शहर के नहर कालोनी में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने किसान नेता व पूर्व पीएम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बैठक के दौरान बीकेयू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया। किसान नेता के साथ वह भारत के पांचवे प्रधानमंत्री भी रहे। जो बिना संसद भवन गए ही कार्यकाल पूर्ण करने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने कहा कि किसानों को उनके हक की लड़ाई के लिए संगठित रहने का संदेश पूर्व पीएम ने दिया है। जिनके पद चिन्हों पर आज किसान चल रहा है। मासिक बैठक की अध्यक्षता यदुनंदन आर्य ने की। युवा जिलाध्यक्ष विवेक सिंह यादव ने कहा कि किसानों के साथ अत्याचार का क्रम आज भी नहीं टूट रहा है। किसान नेता स्व चरण सिंह ने किसानों को उनके हक दिलाने की लंबी लड़ाई लड़ी। जीवन पर्यंत किसानों को समृद्धि दिलाने का काम पूर्व पीएम ने किया है। हमें उनसे प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता दिनेश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम सिंह पटेल, प्रदेश सचिव राम सहाय पटेल, जिला उपाध्यक्ष रामेंद्र यादव, नागेन्द्र सिंह, पंकज साहू, सोलंकी सिंह, केपी सिंह, चंद्रपाल लोधी, धनंजय सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

## - सीसीटीवी कैमरे मिले क्रियाशील, फायर सिलेंडर भी मिले ओके

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम, वीवी पैट के वेयर हाउस के त्रैमासिक आन्तरिक सुरक्षा की स्थिति का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पाटी, बहुजन समाज पार्टी व आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों के अलावा अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नोडल अधिकारी, ईवीएम, उप जिलाधिकारी सदर, उप निदेशक .षि व नोडल अधिकारी ईवीएम, वीवी पैट एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस में लगे सीसी कैमरों का निरीक्षण किया। जिसमें यह पाया गया कि सभी



सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील है। इसी क्रम में ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे फायर सिलेण्डर की वैधता की जांच की गयी जो आयोग के मानक के अनुरूप पायी गयी। वेयर हाउस में रखी गयी ईवीएम मशीनें आयोग के निर्धारित मानक के अनरूप रखी हुई पायी गयी।

# सपा ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। समाजवादी



पार्टी द्वारा भारत रत्न किसान राजनेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई। लोगों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व तथा .तित्व पर चर्चा किया। पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालू गुप्ता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनके कर्मठ जुझारू व्यक्तित्व के लिए हमेशा जाना जाता रहेगा। उन्होंने किसानों के हितों के लिए पूरे जीवन संघर्ष किया। मलवां विकास खंड क्षेत्र के कोरईया गांव में मंगलवार को समाजवादी पार्टी द्वारा भारत रत्न किस राजनेता और भारत देश के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। मौजूद लोगों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और .तित्व पर चर्चा किया। पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालू गुप्ता ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानो के बड़े राजनेता थे उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया। उनकी याद में आज भारत में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जा रहा है यह दिन किसानों को समर्पित है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्हें हमेशा हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसान विरोधी है। ऐसी सरकार को बदलने की जरूरत है। इस मौके पर राम अवतार सोनकर, शिवशंकर यादव, सुधीर यादव, यूनुस खान, महंगू निषाद, राजू यादव, दिग्विजय सिंह, आशीष कुमार, रंजीत यादव, वीरेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )